// संचालनालय महिला एवं बाल विकास, मध्यप्रदेश
"विजयाराजे वात्सल्य भवन, 28 – A,अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) . 462011
फोन : 2550909, फैक्स : 2550912, E- m-ail directorate.wcd@mp.gov.in/ Website www.mpwcdmis.org

क्र. / मबावि / SAP-2 / 2026 / 2525 भोपाल,दिनांकः 29 / 06 / 2026

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास,
जिला–समस्त
मध्यप्रदेश

**विषयः– आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति एम.पी. ऑनलाईन के चयन पोर्टल (वर्ष 2026 फेज–1) के माध्यम से किये जाने हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति बाबत।**

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जिलेवार रिक्तियों की संख्या अनुसार जिले में अधिकतम संख्या में प्रसारित 02 समाचार पत्रों तथा रोजगार निर्माण समाचार पत्र में विज्ञापन, प्रकाशित किये जाने हेतु आयुक्त, जनसम्पर्क को प्रेषित किया गया है।

जिले की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की केन्द्रवार सूची एवं संबंधित पद हेतु आवश्यक अर्हताऐं एवं योग्यताओं का उल्लेख करते हुए, जिला स्तर से जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, आयुक्त नगर निगम / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, , एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय, संबंधित ग्राम पंचायत / नगरीय क्षेत्र के वार्ड कार्यालय एवं ग्राम में सूचना चस्पा कर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा कर नियुक्ति संबंधी कार्यवाही शासन निर्देश दिनांक 23.05.2025 एवं ऑनलाइन भर्ती संबंधी प्रक्रिया के संबंध में संचालनालय से जारी पत्र दिनांक 03.06.2025 अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें।

नियुक्ति की कार्यवाही एम.पी.ऑनलाइन द्वारा निर्मित **"चयन पोर्टल" URL (https://chayan.mponline.gov.in)** के माध्यम से की जाना है। सूचना पटल पर प्रदर्शित रिक्त पदों संबंधी जानकारी का पंचनामा तैयार कर नियुक्ति संबंधी नस्ती में अनिवार्य रूप से संधारित किया जाये। संबंधित परियोजनाओं में भी रिक्त पदों का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कर शासन निर्देशानुसार नियुक्ति संबंधी कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की नियुक्ति की कार्यवाही "चयन पोर्टल" पर वर्ष 2026 फेज–1 के अनुसार की जानी है।

एम.पी.ऑनलाइन के "चयन पोर्टल" (https://chayan.mponline.gov.in) पर आवेदन भरे जाने के संबंध में तिथि का विवरण निम्नानुसार है :–

- आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभ तिथि –दिनांक 01.07.2026
- आवेदन पत्र जमर करने की अंतिम तिथि –दिनांक 13.07.2026
- आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि दिनांक –15.07.2026

रिक्त पदों की सूचना संबंधी जानकारी में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद हेतु मूल निवास, आयु, शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य मापदण्ड जिसके आधार पर चयन किया जाना है, का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। जनसंपर्क संचालनालय को प्रेषित विज्ञप्ति की प्रति संलग्न कर प्रेषित है।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**
**संलग्न– उपरोक्तानुसार**

29/6/26

(स्वर्णिमा शुक्ला)
संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश

**पृ. क्रमांक / मबावि / SAP-2 / 2026 /** 2526 **भोपाल, दिनांक** 29 **/ 06 / 2026**

**प्रतिलिपिः–**

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, की ओर सूचनार्थ।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. संभागीय आयुक्त, संभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. कलेक्टर, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एम.पी. ऑनलाइन भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
7. संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, संभाग–समस्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
8. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग–समस्त, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
9. बाल विकास परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवा, परियोजना– समस्त, मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की स्थिति तथा चयन संबंधी मापदण्डों की सूचना परियोजना स्तरीय संबंधित कार्यालयों एवं संबंधित ग्राम पंचायत / नगरीय निकाय / नगरीय वार्ड कार्यालय में चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

29/6/26

**संयुक्त संचालक**
महिला एवं बाल विकास,
मध्यप्रदेश